हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

11 बीकॉम स्नातकों को समारोहपूर्वक दी विदाई



12 सिचुएशन रिस्पॉन्स टेस्ट के साथ कार्यशाला संपन्न



SANSKARAM GROUP OF SCHOOLS, JHAJJAR

India's Most Trusted School for Integrated Classroom Programme

IIT-JEE | NEET | NDA | MNS | CLAT
CA-CS | CUET | SSC | VVM | VSSF

संस्कारम - सपनों से सफलता तक का साथ !!

Congratulations

2025-26 ADMISSION OPEN

for Clearing Your DGCA CPL Exam

Officially First Pilot !

Licensed Commercial Pilot
DGCA Certified | India



ROUNAK KUMAR
S/o Mr. Sandeep / Jhajjar

JHAJJAR CAMPUS : NH.334B, Main Dadri Road, Khatiwas, Jhajjar, 8222889860, 8222889862 | PATAUDA CAMPUS : NH. 352, Pataude, Near Kulana, Jhajjar , 9053007801, 9053007802

## खबर संक्षेप

### सोने का लॉकेट तोड़ने का आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** एक महिला का लॉकेट तोड़कर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-6 थाना एसएचओ कृष्णकांत ने बताया कि बाइक सवार दो नौजवान लड़के 19 मई को सेक्टर-7 निवासी एक महिला के गले से सोने का लॉकेट और माला तोड़ कर ले गए थे। पुलिस ने केस दर्ज कर पंकज लूथरा निवासी नजफगढ़ को काबू किया। आरोपी से वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। फिर उसे अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### मांडोठी में खेत से सोलर पंप चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** मांडोठी निवासी राज सिंह ने अपने खेत में सोलर पंप लगवा रखा है। वह अपने लड़के जयबीर के पास करनाल गया हुआ था। उसे सूचना मिली कि उसके खेत से सोलर मोटर चोरी हो गई है। जानकारी के अनुसार 16 अप्रैल को अज्ञात आरोपी मोटर चुरा ले गए। पुलिस ने बीएनएस की धारा 303 के तहत केस दर्ज किया है।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, केस

**बहादुरगढ़।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा थाना आसौदा के एरिया से अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को काबू किया गया है। एएनसी प्रभारी एसआई योमेश ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रोहद से मांडौठी रोड पर बने स्कूल के पास खड़े निशू निवासी रोहद को काबू किया गया। संदेह के आधार पर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध हथियार बरामद हुआ। उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया।

### मकान से चोरी करने के आरोपी काबू

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा क्षेत्र के गांव दादरी तोए स्थित निर्माणाधीन मकान से चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी दुलीना प्रभारी उप निरीक्षक रीना ने बताया कि आजाद निवासी दादरी तोए की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजय और गोपाल निवासी फरुखनगर के तौर पर की गई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### घर के सामने खड़ी स्कूटी चोरी

**झज्जर।** शहर के भट्टी गेट क्षेत्र में एक मकान के सामने खड़ी एक्टिवा चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में राज सिंह ने बताया कि बीती दस अप्रैल को उसने अपनी एक्टिवा स्कूटी घर के बाहर खड़ी की थी। जब उसने सुबह उठकर देखा तो उसकी स्कूटी चोरी हो चुकी थी। जिसके बाद उसने पुलिस को भी सूचना दी थी लेकिन उस दौरान चोरी हुई स्कूटी के इंजन, चेसिस नंबर आदि डिटेल न होने के कारण पुलिस अधिकारी ने पूरा ब्यौरा देने की बात कही। इसके बाद उसने स्कूटी से संबंधित ब्यौरा दे दिया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# शहर की गोशालाओं में जगह नहीं तो कहां जाएगा 1000 गोवंश

## ■ नगर परिषद ने टेंडर किया अलॉट, पशुपालन विभाग से गोशालाओं का विवरण मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नगर परिषद के सामने बेसहारा गोवंश की समस्या चुनौती बन गई है। नप ने पिछले महीने गोवंश को गौशालाओं में छोड़ने के लिए टेंडर लगाया था। नप के अफसर दावा कर रहे हैं कि अभियान चलाकर पशुओं की समस्या से निजात दिलाई जाएगी। लेकिन पशुपालन विभाग के अनुसार गौशालाओं में पर्याप्त जगह नहीं है। ऐसे में फिलवक्त यह गोवंश सड़कों पर ही घूमने को मजबूर है। शहर में बेसहारा गोवंश की समस्या बरकरार है। गोवंश रात में सड़कों पर घूमते रहते हैं। इस वजह से सड़क हादसे भी होते हैं। नगर परिषद ने गोवंश को सड़कों से हटाने के लिए फरवरी महीने में टेंडर लगाया था। इसे लेकर लोगों ने राहत महसूस की थी। लेकिन अभी भी कई चुनौतियां जस की तस हैं। ऐसे में पशु पकड़ो अभियान की सफलता पर सवाल उठने लगे हैं। बहादुरगढ़ नगर परिषद द्वारा एक साल के भीतर एक हजार गोवंश पकड़ने का टेंडर लगाया गया है। एक गोवंश को पकड़ कर गौशाला भेजने पर 2394 रुपए खर्च आएगा। जींद की नैन फाउंडेशन को वर्क अलॉट किया गया है। नगर परिषद ने 3 अप्रैल को इसके लिए पत्र लिखकर पशुपालन विभाग से गौशालाओं की स्थिति के बारे में पूछा था। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक ने 11 अप्रैल को नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को पत्र लिखकर स्पष्ट किया कि मांडोठी स्थित श्री आर्यव्रत गौशाला में केवल 500 गाय या बछिया ही भेजी जा सकेंगी। यहां नंदी, सांडों व बछड़ों के लिए कोई जगह नहीं है। साल्हावास गौशाला में 100 गोवंश और मातनहेल गौशाला में 20 गोवंश ही लिए जा सकते हैं। वहीं दूसरी ओर हशविप्रा की जमीन पर अंबेडकर स्टेडियम के निकट बेसहारा पशुओं के लिए नंदीशाला भी बनी हुई है। लेकिन इसे संभाल रही गौधन सेवा समिति के अनुसार यहां भी अतिरिक्त नंदी रखने की जगह नहीं है।

■ सड़क पर बेसहारा गोवंश के कारण हो रहे हादसे

■ एक गोवंश को पकड़ कर गोशाला भेजने का खर्च 2394 रुपये



### 600 के करीब बेसहारा गाय

शहर से एक हजार बेसहारा गोवंश को सड़कों से हटाकर गौशालाओं में पहुंचाने के लिए टेंडर अलॉट हो चुका है। इसके लिए पशुपालन विभाग से गौशालाओं की स्थिति की जानकारी मांगी गई है। सर्वे के अनुसार गाय बछिया करीब सौ ही हैं। उन्हें मांडोठी भिजवाया जाएगा। पशुपालन विभाग से जिले की अन्य गौशालाओं की स्थिति स्पष्ट करने के लिए दोबारा पत्र लिखा गया है। ताकि जनता को बेसहारा पशुओं के कारण आ रही परेशानी से निजात दिलवाई जा सके।

- **सुनील कुमार हुड्डा**, सफाई निरीक्षक, नगर परिषद बहादुरगढ़

### सड़कों पर पशुओं का डेरा

बेसहारा गोवंश की समस्या है कि दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। बहादुरगढ़ के गली-मोहल्ले ही नहीं बल्कि सभी मुख्य सड़कों पर भी बेसहारा गोवंश ने डेरा डाल रखा है। दिल्ली रोहतक रोड के डिवाइडर पर सुबह से शाम तक दर्जन के करीब बेसहारा गोवंश बैठे रहते हैं, जोकि कभी भी अचानक सड़क पर आ जाते हैं और वाहन से टकरा जाते हैं। ऐसे में लोगों की जान-माल का भी खतरा बना रहता है। रोजाना किसी न किसी हादसे में बाइक और स्कूटर सवार के गोवंश से टकराकर चोटिल होने के समाचार मिल रहे हैं। बावजूद इसके इस समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद ठोस व्यवस्था नहीं कर पाई है। इलाके की गौशालाओं या नंदीशाला में इन बेसहारा गोवंश के लिए जगह नहीं है। प्रबंधकों के अनुसार वहां पहले ही पशुओं की भरमार है। ऐसे में अब इस परेशानी का समाधान करना नगर परिषद के लिए बड़ी चुनौती है।

# स्कॉर्पियो से टक्कर मारकर बाइक सवार गिराया, फिर उठा ले गए नकाबपोश युवक

## ■ पुलिस ने कई युवकों को किया राउंड अप ■ वारदात में प्रयोग की गई दो गाड़ियां बरामद

### वारदात से हड़कंप

■ शहर के महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के नजदीक दोपहर को दिनदहाड़े वारदात

■ स्कॉर्पियो से बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद आरोपियों ने युवक से की मारपीट

■ आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने चार टीमों का गठन किया



**झज्जर।** सड़क पर गिरी बाइक की जांच करता पुलिस कर्मचारी।



**झज्जर।** वारदात स्थल से बाइक को ले जाते पुलिस कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

वीरवार दोपहर बाद शहर के महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के नजदीक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। जिसके कारण मोटरसाईकिल सवार युवक नीच गिर गया। फिर एकाएक स्कार्पियो से उतरे नकाबपोश युवकों ने मारपीट करते हुए युवक को अपनी गाड़ी में डाल लिया और मौके से फरार हो गए। दिन दहाड़े हुए ऐसी घटना से आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में भी सकते में आ गए। आनन फानन में सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को पकड़ने के लिए आसपास क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाली। एसीपी अनिरूद्ध चौहान ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि स्कार्पियो गाड़ी ने मोटरसाईकिल को टक्कर मारते हुए चालक का अपहरण करके ले गए है। जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए चार टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा वारदात में प्रयोग की गई दोनों गाड़ियों को बरामद करते हुए पांच छह युवकों को राउंड अप किया गया है।

### हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** शहर के दिल्ली गेट क्षेत्र में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए की एक टीम द्वारा एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी विवेक मलिक ने बताया कि दिल्ली गेट के नजदीक अनुज नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मृतक के पिता सतपाल की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक अन्य आरोपी महावीर निवासी यादव कॉलोनी झज्जर को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# मरे हुए की रजिस्ट्री करवाने वालों के खिलाफ एफआईआर



25 साल पहले मरे व्यक्ति ने तहसील में करवाई रजिस्ट्री

**बहादुरगढ़।** हरिभूमि में 18 मार्च को प्रकाशित एक्सक्लूसिव समाचार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

तहसील में 10 मार्च को मृत व्यक्ति के स्थान पर खड़े होकर गलत तरीके से करवाई गई रजिस्ट्री के मामले में सदर थाना पुलिस ने संयुक्त सब-रजिस्ट्रार की शिकायत पर बीएनएस की धारा 318(4), 338, 336(3) व 340(2) के तहत अभियोग दर्ज किया है।

### ये था मामला

विदित है कि इस फर्जीवाड़े का खुलासा हरिभूमि ने 18 मार्च को किया था। पुलिस को दी शिकायत में संयुक्त सब रजिस्ट्रार ने बताया कि 10 मार्च 2025 को बिक्री पत्र 9193 पंजीकृत करवाया गया था। इसमें श्रीराम पुत्र देवतराम बनकर एक व्यक्ति ने हर्षपाल पुत्र जगबीर सिंह के नाम पर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करवा दी। जबकि श्रीराम की मृत्यु 9 अक्टूबर 1999 को हो चुकी है। आरोपियों ने फर्जी तरीके से श्रीराम का आधार कार्ड (नंबर 6985-3827-7612) बनाया और मोबाइल नंबर 9266894265 का प्रयोग किया।

इस मामले में शिकायत कर्ता ललित मोहन ने तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर श्रीराम का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। इसके बाद रजिस्ट्री को पंजीकृत करने से इंकार करते हुए बही संख्या-2 में चस्पा कर दिया गया। इस पूरे फर्जीवाड़े में मृतक श्रीराम जी जगह पेश हुए व्यक्ति के साथ ही क्रेता हर्षपाल, गवाह हवा सिंह, सोनू पुत्र फूल सिंह, ड्राफ्ट करने वाले अधिवक्ता भीम सिंह दलाल और स्टॉम्प वैंडर सोनू के विरुद्ध अभियोग अंकित किया गया है।

# कुबेर एनक्लेव में 1.26 करोड़ में बनेंगी गलियां-नालियां कॉलोनी के सबसे बुजुर्ग ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के वार्ड नंबर-26 में स्थित कुबेर एनक्लेव में गलियों, नालियों व नाले के निर्माण कार्य का वीरवार को शुभारंभ हुआ। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी और पार्षद बलराम दलाल की उपस्थिति में कॉलोनी के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति रघुबीर सिंह ने नारियल फोड़कर इस काम का विधिवत शुभारंभ कराया। चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि सरकार द्वारा हाल ही में शहर की 12 कॉलोनियां वैध की गई थी। इनमें से एक कुबेर एनक्लेव में लगभग एक करोड़ 26 लाख रुपए की धनराशि से गलियों, नालियों व नाले का निर्माण होगा। वीरवार को इस कार्य का शुभारंभ किया गया।

उन्होंने ठेकेदार को विकास कार्य में लगने वाली सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की हिदायत दी। उन्होंने कॉलोनी निवासियों से भी विकास कार्य पर अपनी नजर रखने का आह्वान किया। इस अवसर पालेराम शर्मा, रमेश राठी, राजेश तंवर, पवन रोहिल्ला के अलावा महेंद्र गहलोत, राज सिंह दलाल, हुकम जून, कृष्ण लोहचब, पंडित सतप्रकाश, बलबीर मलिक, समुंदर दलाल, ईश्वर, रमेश मलिक, धर्मवीर, बसंत लाल, कृष्ण जांगड़ा, कुलदीप दलाल, राजेंद्र सांगवान, सूबेदार चंद्रभान, राजेश, अजय लोहचब, राजेश वाल्मीकि व परमेंद्र कादयान आदि मौजूद रहे।

■ चेयरपर्सन ने ठेकेदार को विकास कार्य में लगने वाली सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की हिदायत दी



**बहादुरगढ़।** कार्य का शुभारंभ करवातीं चेयरपर्सन सरोज राठी व पार्षद बलराम दलाल।

# अच्छेज पहाड़ीपुर में अवैध निर्माण पर चला बुल्डोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव अच्छेज पहाड़ीपुर में जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा पास किए प्रस्ताव पर पर कार्रवाई करते हुए गली में किए अवैध कब्जे हटाए गए। बेरी एसडीएम के आदेश पर पहाड़ीपुर से गौधड़ी, दूबलधन, माजरा, बिगोवा व जहाजगढ़ की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण करने के उद्देश्य से इन अवैध कब्जों को हटाया गया है। पहाड़ीपुर के सरपंच द्वारा रखे प्रस्ताव को ध्यान में रखते हुए जब मामले की जांच की गई तो गांव से निकलने वाले पहुंच मार्ग पर लोगों द्वारा आठ से दस फुट तक अवैध कब्जा किया गया था। कोर्ट के आदेश पर बेरी की एसडीएम रेणुका नांदल द्वारा कार्रवाई करते हुए पहाड़ीपुर गांव के करीब आठ से दस मकानों पर जेसीबी चलवाते हुए ग्रामीणों द्वारा किए गए अवैध निर्माण का ढहाया गया है। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे।



**झज्जर।** गली में किए गए अवैध निर्माण को ढहाते हुए जेसीबी।

बच्चो, क्या तुम जानते हो हम सब जिस पृथ्वी पर रहते हैं, वो कितनी विविधताओं से भरी हुई है? इसकी विविधताएं ही इसे सौर मंडल का सबसे अनूठा ग्रह बनाती है। लेकिन हम इंसानों की लापरवाही से इस पर कई तरह के संकट बढ़ रहे हैं, इसका स्वरूप बिगड़ रहा है। हमारी धरती हमेशा हरी-भरी रहे, इसके लिए हमें जागरूक होना होगा।

# हमेशा हरी-भरी रहे हमारी पृथ्वी



जागरूकता
देवेंद्र मेवाड़ी











बच्चो, पृथ्वी के बारे में हम तुम्हें कुछ रोचक बातें बताएं, इससे पहले आओ, जरा आसमान से अपनी प्यारी पृथ्वी पर नजर डालते हैं। देखें तो सही वहां से यह कैसी दिखती है? ओह, दूर अंधेरे में कितनी सुंदर लगती है हमारी प्यारी पृथ्वी! चमकीला नीला गोला, उस पर फैले घुंघराले श्वेत बादल, नीचे भूरे, हरे, हल्के पीले महाद्वीप, बर्फ से ढंके उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव। नील मणि-सी चमकती मां पृथ्वी का यह नीला रंग इसके विशाल नीले महासागरों के कारण दिखाई देता है।

## विविधताओं से भरी

हमारे प्राचीन ग्रंथों में पृथ्वी को मां कहा गया है। सूर्य से दूरी के हिसाब से यह सौर मंडल का तीसरा ग्रह है। यह एक मात्र ऐसा ग्रह है, जिस पर जीवन है। हमारी पृथ्वी अपने आप में बहुत-सी विविधताओं को समेटे हुए है। इसमें कहीं ऊंची पर्वतमालाएं हैं तो कहीं दूर-दूर तक फैले मैदान, कहीं गहरी घाटियां हैं तो कहीं विशाल रेगिस्तान। कहीं हरे-भरे जंगल, तो कहीं विशाल दलदल। कहीं सदानीरा नदियां बहती हैं तो कहीं ऊंचे पहाड़ों से छल-छल झरने गिरते हैं। कहीं भीषण गर्मी पड़ती है तो कहीं कड़ाके की सर्दी। कहीं घनघोर वर्षा होती है तो कहीं बारिश का नामो-निशान नहीं होता।

## इसलिए मौसम में होती है भिन्नता

हमारी पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। साथ ही यह लगातार घूमती रहती है। जब यह अपनी धुरी पर घूमती है तो घूमते हुए लट्टू की तरह अंडाकार कक्षा में सूर्य की परिक्रमा भी करती है। इस सब का नतीजा यह होता है कि पृथ्वी के हर हिस्से पर साल भर सूर्य की रोशनी एक समान नहीं पड़ती। इसीलिए पृथ्वी की भूमध्य रेखा के आस-पास के हिस्सों में मौसम बेहद गर्म होता है। ज्यों-ज्यों हम उत्तर या दक्षिण की ओर बढ़ते हैं तो तपन कम होने लगती है और मौसम ठंडा लगने लगता है। और ध्रुवों पर तापमान न्यूनतम हो जाता है। ये हमारी पृथ्वी की जलवायु के विविध रंग हैं।

## बिगड़ रहा है ऋतु चक्र

आज से कुछ दशक पहले तक अपने सही समय पर ऋतुएं बदलती थीं। समय पर वसंत आता था। मई-जून में गर्मी पड़ती थी, फिर वर्षा ऋतु आती थी। उसके बाद हेमंत ऋतु और फिर शीत ऋतु की ठिठुरन शुरू हो जाती थी। ऋतुओं के हिसाब से किसान खेती करते थे, बोआई और कटाई के उत्सव मनाते थे। पशु-पक्षी भी ऋतुओं के हिसाब से अपनी लंबी प्रवास यात्राएं करते थे या ठंडे प्रदेशों में गुफाओं, कोटरों और बिलों में सो जाते थे। नन्हीं तितलियां वसंत के इंतजार में प्यूपा बन कर किसी टहनी, चट्टान या दीवार से लटक जाती थीं कि वसंत आएगा और वे पंख फड़फड़ा कर मधु और पराग चूसने के लिए फूलों के पास पहुंच जाएंगी। नदियां कल-कल बहा करती थीं, हरे-भरे जंगल ठंडी बयार बहाकर हमारी सांसों के लिए भरपूर मात्रा में प्राणवायु ऑक्सीजन दिया करते थे। जलवायु के साथ हर जीवधारी का संबंध हुआ करता था। लेकिन अब यह संबंध भी गड़बड़ा गया है। वसंत समय पर नहीं आता तो फूल भी समय पर नहीं खिलते। बेमौसम और असमान रूप से बरसात होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन होने से मौसम में ये परिवर्तन हो रहे हैं। हम इंसानों की लापरवाही से ही पृथ्वी का प्राकृतिक स्वरूप और इसकी जलवायु बिगड़ रही है।

## हम निभाएं अपनी जिम्मेदारी



पृथ्वी को इन तमाम संकटों से बचाने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। बच्चो, इसमें सबसे बड़ी भूमिका तुम्हारी होगी। तुम ही देश, दुनिया के भविष्य हो। तुम्हें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, इस प्यारी पृथ्वी पर हरियाली बढ़ानी होगी। जल, थल और वायुमंडल को साफ रखना होगा। तभी यह प्यारी-निराली पृथ्वी रहने लायक रहेगी। *

## चिंताजनक है ग्लोबल वार्मिंग



**प्रकृति में** आए परिवर्तन की वजह यह है कि विकास की एक ऐसी अंधी दौड़ शुरू हो गई है कि हर कहीं पेड़ों के जंगल के बजाय कंकरीट के जंगल (ढेरों मकान, भवन और ऊंची इमारतें) खड़े होने लगे हैं। हरे-भरे जंगल कटने लगे हैं और शहर फैलने लगे हैं। हम लोग यह भूल गए कि पेड़-पौधों और हरे-भरे जंगलों से ही हमें सांसें मिलती हैं। हम उनकी बनाई प्राणवायु ऑक्सीजन में ही सांस लेकर जीवित रहते हैं। इसीलिए प्रकृति ने हमारे लिए हवा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों की ठीक उतनी ही मात्रा रखी थी, जितनी हमारे सांस लेने के लिए जरूरी थी। लेकिन हरे-भरे जंगल कटने, शहरों के फैलने, सड़कों पर लाखों गाड़ियों के पेट्रोल से उत्पन्न होने वाले धुएं से हर साल लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में पहुंचने लगी। इससे वायुमंडल में प्रकृति द्वारा तय किया गया गैसों का अनुपात गड़बड़ा गया। परिणाम यह हुआ कि पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक इसे वैश्विक तपन या ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। इस तपन के कारण ध्रुवों की बर्फ पिघल रही है और ग्लेशियर भी पिघल कर सिकुड़ते जा रहे हैं। तापमान इसी तरह बढ़ता गया तो सागरों में पानी का स्तर बढ़ने से सागरतटों पर बसे शहरों के डूबने का खतरा पैदा हो जाएगा। पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का संकट बढ़ता जा रहा है। इसे रोकना होगा।

यह भी जानो / शिखर चंद जैन

# बहुत अनूठी हैं पृथ्वी की विशेषताएं



बच्चो, पृथ्वी (अर्थ) हमारे सौर मंडल का एकमात्र ग्रह है, जिस पर जीवन है। मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु सभी इस पृथ्वी पर रहते हैं। हमारी पृथ्वी के अलावा बाकी कुछ ग्रहों पर जीवन होने की संभावनाएं तो जताई गई हैं, लेकिन अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस लिहाज से पृथ्वी सौर मंडल के अन्य ग्रहों से अलग-अनूठी है।

**कितनी पुरानी है पृथ्वी:** विभिन्न वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। नेशनल सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन के वैज्ञानिकों ने चट्टानों और उल्कापिंडों की कार्बन-डेटिंग (प्राचीन वस्तुओं की उम्र पता लगाने की वैज्ञानिक विधि) करके इस अनुमानित आयु का पता लगाया है। हजारों साल तक मनुष्य यह मानता रहा कि पृथ्वी, ब्रह्मांड का केंद्र है। बाद में पता चला कि सूर्य, हमारे सौर मंडल के केंद्र में है और पृथ्वी समेत अन्य ग्रह उसके चारों ओर चक्कर लगाते हैं।




**पांचवां सबसे बड़ा ग्रह:** पृथ्वी की भूमध्यरेखीय त्रिज्या (इक्वेटोरियल रेडियस) लगभग 6,378 किलोमीटर और व्यास (डायमीटर) लगभग 12,756 किलोमीटर है, जबकि इसकी ध्रुवीय त्रिज्या (पोलर रेडियस) लगभग 6,357 किमी और व्यास लगभग 12,714 किमी है। पृथ्वी हमारे सौर मंडल का पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।

**पृथ्वी की परतें:** परतों (लेयर्स) की बात करें, तो हमारी पृथ्वी को मुख्य रूप से तीन परतों में बांटा गया है- कोर, मेंटल और क्रस्ट। कोर पृथ्वी का सबसे आंतरिक भाग होता है। पृथ्वी के मध्य भाग को मेंटल कहते हैं, जबकि पृथ्वी के सबसे ऊपरी परत को क्रस्ट कहते हैं। क्रस्ट ही वह हिस्सा है, जिस पर मानव जीवन का अस्तित्व है।

**लगातार गतिशील है पृथ्वी:** बच्चो, हमारी पृथ्वी दो तरीके से गति करती है-घूर्णन (रोटेशन) और परिक्रमण (रिवॉल्यूशन)।

पृथ्वी अपने अक्ष (धुरी) पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी को अपना एक घूर्णन पूरा करने में लगभग 24 घंटे का समय लगता है। अपने अक्ष पर लगातार घूमते रहने के कारण ही पृथ्वी पर दिन और रात होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग 1667 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से घूमती है। घूर्णन के अलावा हमारी पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक दीर्घ वृत्ताकर (एलिप्टिकल) कक्षा में चक्कर भी लगाती है, जिसे परिक्रमण कहा जाता है। यह सूर्य के चारों ओर लगभग 1,07,226 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चक्कर लगाती है। सूर्य का एक चक्कर लगाने में पृथ्वी को 365.25 दिन का समय लगता है। परिक्रमण गति के कारण ही हमारी पृथ्वी पर ऋतु/मौसम परिवर्तन होता है।

**पानी का भंडार:** पृथ्वी पर जल का अथाह भंडार है। इसकी सतह का 71 प्रतिशत हिस्सा तो पानी से ही ढंका है। सिर्फ 29 प्रतिशत हिस्सा ही भूमि है। इस पानी में से केवल 3 प्रतिशत पानी ही मीठा/ताजा यानी अलवणीय और पीने योग्य है। बाकी 97 प्रतिशत पानी खारा है। पृथ्वी का लगभग 90 प्रतिशत ताजा पानी अंटार्कटिका की ध्रुवीय बर्फ के रूप में जमा हुआ है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्यारी-मनोरंजक कहानियां




बच्चो, बांग्ला भाषा की प्रसिद्ध लेखिका जया मित्र की बाल-कहानियों की किताब 'चार-पांच दोस्त' का हिंदी अनुवाद हाल में ही प्रकाशित होकर आया है। इसका अनुवाद किया है कल्लोल चक्रवर्ती ने। इसमें कुल चौदह कहानियां और एक नाटक संकलित है। इन कहानियों में बाग-बगीचे, फूलों वाले पेड़, नदी, पहाड़, जंगल, बारिश, चिड़िया, तितली आदि मौजूद हैं। इनके साथ नन्हे बच्चों की खिलंदड़ी हरकतें मन को लुभाती हैं। हम सभी के जीवन में प्रकृति की कितनी महत्ता है, इसे बड़े सरल ढंग से ये कहानियां बताती हैं। 'चार-पांच दोस्त', दो चिड़िया चड़ुआ-बड़ुआ, दो नन्ही बच्चियों रिया-पियाल और एक छोटे लड़के गौतम की प्यारी-सी कहानी है। 'उस बार पहाड़ में' और 'तितलियों का गांव' समेत सभी कहानियां तुम्हें अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** चार-पांच दोस्त, **लेखिका:** जया मित्र, **अनुवाद:** कल्लोल चक्रवर्ती, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



**चिंटू** : अगर मिस्टर बीन सो जाए, तो हम उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंटू** : पता नहीं। तुम्हीं बता दो, क्या कहेंगे?
**चिंटू** : सोयाबीन।
-रमन, रायपुर

**पापा** : आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू** : मोनू से बीस नंबर कम।
**पापा** : अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
**सोनू** : बीस नंबर।
-अमन, बिलासपुर

**कंप्यूटर टीचर** : कंप्यूटर चलाने के लिए तुम्हें सबसे पहले ढंग से माउस पकड़ना आना चाहिए।
**रोहित** : लेकिन सर, माउस को तो बिल्लियां पकड़ती हैं।
-दीक्षा, रोहतक

## जीके क्विज-150

1. पहला 'पृथ्वी दिवस' किस वर्ष मनाया गया था?
2. 'पृथ्वी दिवस' मनाने की शुरुआत का श्रेय किसे जाता है?
3. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी ने आइपीएल क्रिकेट में एक हजार बाउंड्रीज (चौके और छक्के) लगाने का रिकॉर्ड बनाया?
4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को किस देश में 'सिटी की ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया?
5. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
6. दुनिया में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान कौन-सा है?
7. किस भारतीय शहर को 'द सिटी ऑफ पैलेस' कहा जाता है?
8. लोकनायक के नाम से किन्हें जाना जाता है?
9. भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर का पहला माह कौन सा है?
10. केरल की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-150 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-149 का उत्तर :** 1.बिहार, 2.राजनाथ सिंह, 3.चंडीगढ़, 4.पोरबंदर (गुजरात), 5.प्रशांत महासागर, 6.कोलकाता में, 7.वेटिकन सिटी, 8.अकबर, 9.के-2, 10.हरिवंश राय बच्चन

**जीके क्विज-149 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, सुमन-रायपुर, संकेत-बिलासपुर, आर्यन-रोहतक, प्रज्ञा-धमतरी, राहुल-बालोद, प्रिया-महासमुंद, गौतम-दिल्ली, कनक-बलौदा बाजार, त्रिशा-राजनांदगांव



कहानी
मंजरी शुक्ला

अबीर अपने मामा जी और दोस्त हर्षित के साथ पिकनिक मनाने के इरादे से नदी किनारे आया। लेकिन तीनों नदी के आस-पास का नजारा देखकर दुखी हो गए। असल में वहां गंदगी बहुत थी। तो क्या तीनों पिकनिक का इरादा छोड़कर वापस लौट गए या वहां कुछ अनहोनी हो गई?

# मुस्कुरा उठी नदी



तुम्हारे मामा इतनी दूर से तुमसे मिलने आए हुए हैं और तुम अपने कमरे में बैठे हुए हो!' मामा जी यह कहते हुए एकाएक अबीर के सामने आकर खड़े हो गए।

अबीर खुशी से उनसे लिपट गया, 'अरे! आप कब आ गए मामाजी?' 'आया तो अभी हूं। आज हम नदी किनारे पिकनिक मनाने चलेंगे।' मामा जी अबीर के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोले।

अबीर तुरंत बोला, 'मामा जी, मैं अपने दोस्त हर्षित के घर जाकर उसे भी ले आता हूं। वह भी हमारे साथ पिकनिक मनाने चलेगा।' थोड़ी ही देर बाद मामा जी के साथ कार में बैठकर अबीर और हर्षित पिकनिक के लिए निकल गए। दोनों मजे से मामा जी से बात करते हुए चले जा रहे थे। मामा जी ने बताया, 'मेरे गांव में नदी का पानी इतना स्वच्छ और निर्मल रहता है कि सभी लोग नदी के पास किसी घने पेड़ के नीचे बैठकर अपना सुख-दुःख बांटते हैं, प्रकृति के करीब काफी समय बिताते हैं फिर शाम तक घर लौटते हैं।'

अबीर बोला, 'अच्छा! मामा जी इसी तरह की और बातें भी हमें बताएं ना!' मामा जी ने अपने बचपन की यादों का पिटारा खोल दिया। बातों ही बातों में न जाने कितना समय निकल गया, कुछ पता ही नहीं चला।

तभी हर्षित खुशी से चिल्लाया, 'ठंडी हवा आने लगी है, मतलब हम नदी के पास पहुंच गए हैं।' मामा जी ने एक जगह रुक कर गाड़ी लॉक की और बोले, 'आज हम लोगों को बहुत मजा आएगा।' 'यहां तो एक अजीब-सी बदबू आ रही है।' अबीर ने नाक पर हाथ रखते हुए कहा। थोड़ा आगे बढ़े तो हर्षित बोला, 'लग रहा है यहां पर लोग पिकनिक मनाने नहीं बल्कि अपने घर का कूड़ा डालने के लिए आए हैं।' 'वह आंटी तो पूरा बैग भरकर प्लास्टिक और अगरबत्ती के पैकेट नदी के अंदर डाल रही हैं।' मामा जी उस ओर इशारे करते हुए बोले। 'चारों तरफ चिप्स और बिस्किट के पैकेट बिखरे पड़े हुए हैं।' हर्षित धीरे से बोला।

'हम लोग कहीं और चलकर पिकनिक मनाते हैं।' अबीर मुंह बनाते हुए बोला। हर्षित ने भी सहमति जताई, 'अबीर सही कह रहा है। हम इतनी गंदी जगह बैठ कर पिकनिक नहीं मनाएंगे। यहां बैठकर खाना-पीना दूभर हो जाएगा।'

लेकिन मामा जी तो अपने आप में खोए हुए एकटक नदी की तरफ देखे जा रहे थे। कुछ देर बाद वह बोले, 'यही नदी हमारे गांव तक भी जाती है। वहां इसका पानी इतना साफ होता है कि तुम्हें गहरे पानी की मछलियां भी तैरती हुई साफ नजर आएंगी। सच बात तो यह है कि नदी गंदी नहीं होती है। हम इंसान मिलकर उसे गंदा या साफ बनाते हैं।'

'पर हम कर भी क्या सकते हैं? अगर हम इन लोगों को समझाएंगे तो क्या ये हमारी बात सुनेंगे?' अबीर दुखी स्वर में बोला। अबीर की बात सुनकर मामा जी ने इधर-उधर देखा। वहां पर खड़ी पुलिस की एक गाड़ी पर उनकी नजर पड़ी। वह तेजी से गाड़ी की ओर बढ़ गए। हर्षित डर गया और अबीर से बोला, 'अब तो पुलिस वाले मामा जी को पकड़ लेंगे।'

'तू थोड़ा कम डरा कर।' अबीर अपने दोस्त हर्षित के गाल पर चपत मारते हुए बोला।

मामा जी जब बहुत देर तक पुलिस वालों से कुछ बात करते रहे तो हर्षित से न रहा गया, बोला, 'लगता है पुलिस वालों से मामा जी की बहस हो रही है। चलो, चलकर उन्हें बचाते हैं।'

एक ही पल बाद मामा जी पुलिस इंस्पेक्टर और उसके तीन सिपाहियों के साथ एक दूसरी ओर जाते हुए दिखे। सभी उन लोगों के पास पहुंचे, जो नदी में और उसके आस-पास गंदगी फैला रहे थे। सिपाहियों ने उन लोगों से न जाने क्या कहा कि उनकी बात सुनते ही सभी के चेहरों पर हवाइयां उड़ने लगीं। सबने तुरंत सारा कूड़ा उठाकर मैदान में एक ओर लगे कचरे के डिब्बों में फेंक दिया। कुछ लोग तो अपने आप नदी के किनारे से प्लास्टिक की बोतलें वगैरह उठाकर कूड़े के डिब्बों में डालने लगे, जो उन्होंने फेंकी भी नहीं थी। देखते ही देखते वहां सब साफ-सुथरा नजर आने लगा।

मामा जी एक पेड़ की छांव के नीचे खड़े होकर हंसते हुए बोले, 'तो अब इस स्वच्छ जगह पर बिछा लें हम लोग अपनी चटाई और शुरू करें पेट पूजा?' लेकिन अबीर मामा जी का हाथ पकड़ते हुए बोला, 'पहले आप बताएं कि आपने उन पुलिस वालों से क्या कहा?' 'जब मैंने पुलिस वालों को बताया कि नदी इतनी गंदी हो रही है, इसका पानी काला हो रहा है तो उन्होंने कहा कि हम तो बहुत मना करते हैं पर कोई मानता ही नहीं है।' 'फिर आपने क्या कहा?' हर्षित ने उत्सुकता से पूछा। 'तो मैंने कहा कि आप उनसे यह क्यों नहीं बताते कि यही पानी, प्रोसेस होने के बाद नलों के द्वारा उनके घरों तक जाता है।' मामा जी गंभीर स्वर में बोले। अबीर ने मासूमियत से पूछा, 'तो क्या सचमुच इस नदी का ही पानी हमारे घरों में आता है?'

'और क्या, तुम्हारे घर की पानी की टंकी को भरने के लिए क्या हर बार बरसात होगी?' मामा जी ने हंसते हुए कहा। मामा जी के साथ अबीर और हर्षित भी हंस पड़े। तीनों ने पेड़ की छांव में बहती ठंडी हवा में अपने साथ लाए भोजन का मजा लिया। जब वहां से उठने लगे तो मामा जी ने ध्यान दिया कि लोग खाना खाकर प्लास्टिक और डिस्पोजेबल प्लेट नदी में नहीं फेंक रहे थे बल्कि अपने साथ लाए थैलों में रख रहे थे।

मामा जी ने नदी की तरफ बहुत ही प्यार से देखा और खुशी के मारे अपनी नम आंखें पोंछ लीं। उन्हें लगा जैसे नदी मुस्कुरा रही है। नदी को लग रहा है कि वो अब हमेशा स्वच्छ-निर्मल रहेगी। *

कविता
देवी प्रसाद गौड़



# धरती मां हम सबकी मां है

प्राण पले जिसकी गोदी में,
उस पृथ्वी को शीश झुकाएं।
कण-कण रहे सुगंधित इसका,
हरित क्रांति से धरा सजाएं।।
शुद्ध हवा से रोग मरेंगे,
पेड़ों पर चिड़िया चहकेंगी।
तन ताजा हो मन में मस्ती,
फूलों की बगिया महकेंगी।।
खाने को अन्न दिया तुमने,
पीने, अमृत जैसा पानी।
अमृत में विष नहीं घुलेगा,
बहुत हुई अब तक नादानी।।
दूर रहें नदियों से नाले
अलग व्यवस्था करनी होगी
हर जीवन पानी का प्यासा,
सबकी पीड़ा हरनी होगी।।
धरती की हर सांस प्रदूषित,
वर्षों से बीमार बेचारी।
धरती मां हम सबकी मां है,
समझें अपनी जिम्मेदारी।।
स्वच्छ रखेंगे सड़क जलाशय,
मिल-जुल कर करते श्रमदान।
शहर-नगर या गली गांव की,
इनसे बनती अपनी शान।।
हम भविष्य हैं इस पृथ्वी के,
सेवा है संकल्प हमारा।
जहरीला परिवेश हो गया,
पाना है इससे छुटकारा।।
रहें समर्पित जीवन भर,
फिर औरों को भी समझाएं।
एक रोज क्यों मने वर्ष में
हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएं।।

## रंग भरो-173

**रंग भरो-173** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




समृद्धि, शहडोल


सौम्य, बालोद


अन्वीक्षा, दुर्ग


आस्तिका, चांपा


सार्थक, रायपुर


वैदिक, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, डिंपल-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, राशि-दुर्ग, सत्यम-रायपुर, अमन-कोरबा, सक्षम-बिलासपुर, दिव्या-रायगढ़, जतिन-रोहतक, काव्या-महासमुंद, जीविका-बलौदा बाजार, सौम्या-भोपाल, आद्या-हिसार, कुसुम-बिलासपुर, राशि-दिल्ली

## रंग भरो 174



बच्चो, यहां पर 'पृथ्वी दिवस' से जुड़ा एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जानकारी देती एएसआई सरला देवी। फोटो :हरिभूमि

### कोचिंग इंस्टिट्यूट में किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** वीरवार को रेलवे रोड स्थित एक कोचिंग इंस्टिट्यूट में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। डायल 112 प्रभारी एएसआई सरला देवी की टीम ने विद्यार्थियों को नशा खोरी, साइबर क्राइम व डायल 112 के संबंध में जानकारी दी। सत्येंद्र दहिया ने नशे के दुष्परिणाम बताए। संस्थान में उपस्थित सभी छात्रों ने डायल 112 ऐप अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड की। जगबीर सिंह, अनीता, भारती, विजेंद्र सिंह व विवेक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### आवास योजना 2.0 के लिए आवेदन 30 तक

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा



प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शहरी क्षेत्र के लिए योजना शुरू की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बेघर लोगों को पक्का घर देना है ताकि वह बेघर न रहे। जिन लोगों के घर कच्चे हैं, वह भी इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है।


बहादुरगढ़। शिक्षा मंत्री को पूरा मामला समझाते जसबीर सैनी। फोटो :हरिभूमि

### सैनी ने शिक्षा मंत्री से लगाई गुहार

**बहादुरगढ़।** गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के विरुद्ध शिक्षा विभाग द्वारा जारी अभियान से परेशान प्राइवेट स्कूलों की पीड़ा को लेकर ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मुलाकात की। निजी स्कूल संचालक शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए कार्यरत हैं। पुराने नियमों के अनुसार मान्यता प्राप्त कर चुके स्कूलों को नए नियमों में भी छूट मिलनी चाहिए। गरीब बच्चों को शिक्षा दे रहे स्कूलों को राहत मिलनी चाहिए।

### शिक्षकों को 15 दिन में स्किल पासबुक अपडेट करनी होगी

# शिक्षकों को दिया कक्षा तत्परता कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षण

■ विद्यालय प्रमुखों से सरकारी स्कूलों, विशेषकर बाल वाटिका कक्षाओं में नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏩| झज्जर

शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में कक्षा तत्परता कार्यक्रम का उन्मुखीकरण सत्र आयोजित किया गया। निपुण हरियाणा के जिला समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को अगली कक्षा के लिए तैयार करने तथा सीखने की कमी को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। निपुण कार्यक्रम के सकारात्मक प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दे रहे है और अभिभावकों का विश्वास भी राजकीय विद्यालयों में बढ़ रहा है। निपुण हरियाणा की राज्य टीम की सदस्य शाइस्ता नाज ने प्राथमिक विद्यालयों के मुखियाओं, एबीआरसी व बीआरपी को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम 15 अप्रैल से 28 मई 2025 तक चलेगा, जिसमें हिंदी, गणित व अंग्रेजी विषयों में पिछली कक्षा के आवश्यक कौशल पुनः सिखाए जाएंगे। 25 मई को आंकलन कर कार्यक्रम के प्रभाव का मूल्यांकन किया जाएगा। शिक्षकों को प्रत्येक 15 दिन में विद्यार्थियों की स्किल पासबुक अपडेट करनी होगी। डीईओ वीरेंद्र मलिक ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए वार्म-अप सत्र के समान है जो उन्हें अगली कक्षाओं में बेहतर ढंग से सीखने के लिए तत्पर करने में मदद करेगा। उन्होंने विद्यालय प्रमुखों से सरकारी स्कूलों, विशेषकर बाल वाटिका कक्षाओं में नामांकन बढ़ाने पर भी जोर दिया।



झज्जर। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षक। फोटो :हरिभूमि

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी दी

■ कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को एआई तकनीक की मूलभूत जानकारी देना

हरिभूमि न्यूज ⏩| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला का आयोजन कंप्यूटर विभागाध्यक्ष सौरभ जैन ने किया। कार्यशाला में फ्लेयरवेव एआई प्राइवेट लिमिटेड से कंप्यूटर विशेषज्ञ अमित त्यागी और नितिन कुमार ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग और भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को एआई तकनीक की मूलभूत जानकारी देना और बदलते तकनीकी युग में करियर के अवसरों की जानकारी देना रहा। विशेषज्ञ अमित त्यागी ने मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और डीप लर्निंग जैसी तकनीकों के बारे में चर्चा की और नितिन कुमार ने एआई के वास्तविक जीवन में प्रयोग और इससे जुड़े व्यावसायिक दृष्टिकोण को समझाया। उन्होंने डिजिटल मार्केटिंग, हेल्थकेयर, ऑटोमेशन और एजुकेशन सेक्टर में एआई की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों को संबोधित करते हुए विषय विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि

# शिक्षा मंत्री से मिले प्ले स्कूल संचालक

■ शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई से सभी आहत

हरिभूमि न्यूज ⏩| बहादुरगढ़

रोहतक व बहादुरगढ़ के प्ले स्कूल संचालकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को पानीपत में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मुलाकात की। प्ले स्कूल संचालकों और मानव अधिकार परिषद के अध्यक्ष जयवीर कौशिक ने बताया कि ज्यादातर प्ले स्कूलों का संचालन महिलाएं कर रही हैं। शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई से सभी आहत हैं।

प्ले स्कूलों को बंद करने की बजाय बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने बिना किसी शुल्क के प्ले स्कूलों का पंजीकरण करने संबंधित दिशा निर्देशों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय देने की मांग की। साथ ही वर्तमान में जारी कार्यवाही को रोकने का अनुरोध किया। यह प्रतिनिधिमंडल महिला एवं बाल कल्याण मंत्री श्रुति चौधरी से भी मिलेगा।


बहादुरगढ़। महिपाल ढांडा को कार्यवाही की जानकारी देते जयवीर कौशिक।

### किसानों के साथ धोखाधड़ी रोकने की मांग

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने किसानों के प्रति बीजेपी सरकार के रवैये की निंदा की है। संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी तथा अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल ने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार खा रहे किसानों को सरकारी लूट से बचाया जाए। जयकरण मांडौठी व अनूप सिंह मातनहेल ने बताया कि जलभराव, ओलावृष्टि, आगजनी समेत प्राकृतिक आपदाओं से फसलें नष्ट हो जाती हैं। किसानों को बढ़ती लागत के अनुसार दाम नहीं मिलते। नकली बीज, कीटनाशक दवाइयां तथा फर्टिलाइजर आदि से किसान बर्बाद हो रहे हैं। ऊपर से मंडियों में तौल में हेराफेरी, नमीं के नाम पर कटौती और कई प्रकार के लेबर चार्जिज लगाकर आढ़ती लोग भी किसानों को ठगते रहते हैं। हाल ही में करनाल जिले की मंडियों में गेहूं की तुलाई में गड़बड़ी पकड़ी गई है।

### बीकॉम स्नातकों को समारोहपूर्वक दी विदाई

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में वीरवार को बीकॉम विभाग की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। तनु को बेस्ट एंटरटेनर, पायल मिस को मिस फेयरवैल तथा नैनिका को बेस्ट सीनियर का खिताब मिला। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने सभी को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह नए अवसरों की तरफ नई शुरुआत है। सफलता के लिए जीवन में लगातार कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वाह करना भी जरूरी है। कार्यक्रम में डांस समेत अन्य गतिविधियों के माध्यम से छात्राओं ने अपनी कला प्रतिभा का परिचय दिया।



बहादुरगढ़। टाइटल विजेता छात्राओं के साथ प्रिंसिपल व स्टॉफ। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। शिक्षकों के साथ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

# पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में रूचि रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏩| झज्जर

वीरवार को राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में पर्यावरण सुरक्षा विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर अनीता रानी ने की। भूगोल विभाग के अध्यक्ष ओमबीर ने बताया महाविद्यालय की साइंस एक्जीबिशन प्रभारी डॉक्टर शिवानी ने भूगोल विभाग के होनहार विजेता विद्यार्थियों को बताया कि बढ़ता प्रदूषण और तापमान पर्यावरण के लिए खतरनाक है। हमें इसे हर हाल में कम करना होगा। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण सुरक्षा है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका राजेश कुमार, सवीन कुमार एवं प्रदीप कुमार ने निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रुचि के पोस्टर को पहला स्थान मिला।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

■ आज की युवा पीढ़ी ही समाज से अंधविश्वास और कुप्रथाओं को समाप्त कर सकती है

हरिभूमि न्यूज ⏩| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान समाज में व्याप्त दहेज प्रथा, बाल विवाह, नशा, लैंगिक भेदभाव, भ्रूण हत्या, भ्रष्टाचार आदि कुरीतियों और बुराइयों के प्रति जागरूक किया गया। सामाजिक बुराइयों पर आधारित नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। जागरूकता गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में समाजसेवी सत्येंद्र दहिया ने कहा समाज में बदलाव की शुरुआत हम सभी को अपने घर और आसपास से करनी होगी। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि जागरूकता और साहस के साथ समाज को बदला जा सकता है। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी ही समाज से अंधविश्वास और कुप्रथाओं को समाप्त कर सकती है। ऐसे शिविर स्वयंसेविकाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना जागृत करते हैं। इस दौरान /"सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध/" जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्या के साथ एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ अन्नू शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। लोक कलाकार राममेहर लोहान ने भावी अध्यापिकाओं के समक्ष अपने भजनों द्वारा देश भक्ति का प्रचार किया। यूएसए से आई माइक्रोसॉफ्ट में कार्यरत अदिति गर्ग और आध्या ने रियुजेबल सैनिटरी पद के बारे में बताया। नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति में प्रथम स्थान ग्रुप 2 से स्तुति, निशा, मानसू और द्वितीय स्थान पर ग्रुप 1 से अंजू, मुस्कान, साक्षी, शिवांगी आर्य रही। शिविर में स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान करते हुए पौधों की देखभाल की।


बहादुरगढ़। प्राचार्या व स्टॉफ के साथ सत्येंद्र दहिया। फोटो :हरिभूमि

### फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग करना सिखाया

# डीएवी स्कूल में हुई मॉक फायर ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏩| बहादुरगढ़

शहर के डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा अग्निशमन सेवा के अधिकारी पंकज मलिक और उनकी टीम ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पंकज मलिक ने छात्रों को आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों को फायर एक्सटिंग्विशर का उपयोग करना सिखाया गया। इस दौरान एक मॉक ड्रिल का आयोजन भी किया गया। आपातकालीन निकासी के निर्देशों का अभ्यास कराया गया। साथ ही आपातकालीन स्थिति का शिकार होने पर तुरंत 101 या 112 नंबर पर अग्निशामक सेवा को घटना की सूचना देने के बारे में बताया। स्कूल परिसर में ज्वलनशील पदार्थों के प्रयोग पर रोक और सभी इलेक्ट्रिक उपकरणों की समय-समय पर जांच के लिए प्रेरित किया गया। आग लगने की स्थिति में शांत रहते हुए सुरक्षित बाहर निकलने का तरीका समझाया गया। प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ ने विद्यार्थियों से अपने घरों में भी इन उपायों की जानकारी देने का आह्वान किया। उनके अनुसार विद्यालय प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए।


बहादुरगढ़। ड्रिल के दौरान विद्यार्थियों को आग बुझाने के तरीके समझाते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### आशा वर्कर्स की मांगों को अनदेखा कर रही सरकार

**झज्जर।** आगामी एक मई को जहां आशा वर्कर्स द्वारा पूर्ण रूप से हिस्सा लेते हुए मजदूर दिवस मनाया जाएगा वहीं तीन मई को सीएमओ कार्यालय में एकत्रित होकर एक नोटिस दिया जाएगा। आशा वर्कर यूनियन की जिला प्रधान किरण, सचिव प्रवेश, कोषाध्यक्ष अनीता, उप प्रधान कविता ने वीरवार को संयुक्त रूप से जारी बयान में बताया कि इसके अलावा आगामी बीस को जिले की तमाम आशा वर्कर्स अपनी मांगों को मनवाने के लिए डीसी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करेंगी। पिछले 12 साल से केंद्र की सरकार ने आशा वर्कर्स की एक पैसे की भी बढ़ोतरी नहीं की है। लगातार उनके ऊपर ऑनलाइन काम का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार काम कराना चाहती है तो अच्छी क्वालिटी के टैबलेट व रिचार्ज की सुविधा दी जाए ताकि नेट उपलब्ध हो सके। सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही है। यदि समय रहते उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो वे ऑल इंडिया की मीटिंग करके आंदोलन की रणनीति बनाएंगे।

**NOTICE**

I, Surender Saini S/o Sh. Raj Singh R/o H.No. 271/12, Sainipura, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar, Haryana-124507 declare I that have severed all my relations with my elder son Harsh because of his misbehaviour having no respect towards me and my other family members. I hereby disown my son Harsh from my all movable and immovable property. Any person dealing with Harsh shall be doing so at his/her own risk and costs and I shall not be responsible in any manner whatsoever for his any misdeed, deeds and any type of liabilities etc.

**अदालती सूचना**

**न्यायालय सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बहादुरगढ, जिला झज्जर**

केस नम्बर 539/T तारीख पेशी 28-5-25

1. सुषमा विधवा जगदेव 2. नितिका पुत्री जगदेव निवासी गांव बराही, तह० बहादुरगढ, जिला झज्जर हाल निवासी एम.-1805 लोजिक्स ब्लोसम कांउटी, सैक्टर-137, नोएडा, उत्तर प्रदेश 3. सुनीता छिल्लर विधवा बलवान 4. योगिता पुत्री बलवान 5. सिद्धार्थ पुत्र बलवान निवासी गांव बराही, तह० बहादुरगढ, जिला झज्जर हाल निवासी बी.204, रणजीत विहार-1, सैक्टर-22, द्वारका, दिल्ली ....प्रार्थीगण

बनाम

1. सविता पुत्री अनीता पुत्र जिले सिंह 2. सरिता पुत्री अनीता पुत्र जिले सिंह 3. बिमला पुत्री हुक्मचन्द पुत्र भरतु 4. श्रीमती औमदेवी विधवा रोहतास पुत्र हुक्म सिंह 5. बबीता पुत्री रोहतास पुत्र हुक्मसिंह 6. सतपाल पुत्र रोहतास पुत्र हुक्म सिंह 7. श्रीमती प्यारी पुत्री भरतु पुत्र सीताराम 8. बटी पुत्री भरतु पुत्र सीताराम 9. मुक्तादेवी पत्नी देवेन्द्र पुत्र सहदेव 10. मुक्ता पुत्री प्रितम पुत्र भगवानी 11. नत्थु सिंह पुत्र फूल सिंह पुत्र सीता राम 12. देवेन्द्र सिंह पुत्र करतार सिंह पुत्र फूल सिंह 13. नसीब पुत्र अनीता पुत्र जिले सिंह 14. सुरेन्द्र पुत्र करतार सिंह पुत्र फूल सिंह 15. सुखविन्द्र पुत्र जिले सिंह पुत्र फूल सिंह 16. प्रेम सिंह पुत्र फूल सिंह पुत्र सीताराम 17. आजाद पुत्र हुक्मचन्द पुत्र भरत सिंह 18. सरिता पुत्री जय सिंह पुत्र हुक्म चन्द 19. सन्तोष विधवा कृष्ण पुत्र जय सिंह 20. निधि पुत्री कृष्ण पुत्र जय सिंह 21. हर्षित पुत्र कृष्ण पुत्र जय सिंह 22. विरेन्द्र सिंह पुत्र नफे सिंह पुत्र फूल सिंह 23. परविन्द्र पुत्र नफे सिंह पुत्र फूल सिंह 24. अर्जुन पुत्र अनीता पुत्र जिले सिंह 25. श्रीमती कमलेश विधवा धर्मबीर पुत्र हुक्मचन्द 26. कविता रानी पुत्री धर्मबीर पुत्र हुक्मचन्द 27. सुमन पुत्री धर्मबीर पुत्र हुक्मचन्द 28. ज्योति रानी पुत्री धर्मबीर पुत्र हुक्मचन्द 29. गीता पुत्री जिले सिंह पुत्र फूल सिंह 30. आजाद पुत्र हुक्मचन्द पुत्र भरतु 31. दिलबाग पुत्र हुक्मचन्द पुत्र भरतु 32. सुरजभान पुत्र हुक्मचन्द पुत्र भरतु 33. राजेश पुत्र रिसालो पुत्र हुक्म 34. सुदेश पुत्री रिसालो पुत्री हुक्म सभी निवासी गांव बराही, तह० बहादुरगढ, जिला झज्जर ....उत्तरवादीगण

**दरखास्त बराए तकसीम बाबत खेवट नम्बर 9//8, खतौनी नम्बर 26, मौजा गांव बराही, तह. बहादुरगढ, जिला झज्जर**

उपरोक्त शीर्षक के मुकदमें में उक्त प्रत्यार्थीगण समन की तामील करने से जानबूझकर बचते रहे हैं। इसलिए उक्त प्रत्यार्थीगण के नाम यह विज्ञापन जारी किया जाता है कि यदि उक्त प्रत्यार्थीगण तारीख पेशी 28.05.25 को प्रातः 9 बजे इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो इस संबंध में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**हस्ता/-सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बहादुरगढ़**

**अदालती सूचना**

**न्यायालय सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बहादुरगढ, जिला झज्जर**

केस नम्बर 540/T तारीख पेशी 28-5-25

1. सुषमा विधवा जगदेव 2. नितिका पुत्री जगदेव निवासी गांव बराही, तह० बहादुरगढ, जिला झज्जर हाल निवासी एम.-1805 लोजिक्स ब्लोसम कांउटी, सैक्टर-137, नोएडा, उत्तर प्रदेश 3. सुनीता छिल्लर विधवा बलवान 4. योगिता पुत्री बलवान 5. सिद्धार्थ पुत्र बलवान निवासी गांव बराही, तह० बहादुरगढ, जिला झज्जर हाल निवासी बी.204, रणजीत विहार-1, सैक्टर-22, द्वारका, दिल्ली ...प्रार्थीगण

बनाम

1. रोहतास पुत्र रामसरूप पुत्र रामू 2. भागीरथ पुत्र राज सिंह पुत्र रामसरूप 3. पंकज पुत्र सुरेश पुत्र मुखत्यारे 4. सुमन पुत्री धर्मबीर पुत्र हुकमचन्द 5. ज्योति रानी पुत्री धर्मबीर पुत्र हुकमचन्द 6. श्रीमति कस्तूरी देवी विधवा अमर सिंह पुत्र दरबु 7. दीपक कुमार पुत्र अमीर सिंह पुत्र दरबु 8. अमित पुत्र अमीर सिंह पुत्र दरबु 9. मनीष पुत्र जगबीर सिंह पुत्र दरियाव सिंह 10. आशीष पुत्र जगबीर सिंह पुत्र दरियाव सिंह 11. रजनीश पुत्र कदम सिंह पुत्र दरियाव सिंह 12. सागर पुत्र कदम सिंह पुत्र दरियाव सिंह 13. कपिल पुत्र विजय सिंह पुत्र मुखत्यारे 14. सुरेन्द्र कुमार पुत्र औमप्रकाश पुत्र मांगेराम 15. विरेन्द्र कुमार पुत्र औमप्रकाश पुत्र मांगेराम 16 हवासिंह पुत्र दौलत पुत्र लोकराम 17. सुरजभान पुत्र दयानन्द पुत्र श्रीराम 18. सुनील पुत्र दयानन्द पुत्र श्रीराम 19. अनिता पुत्री दयानन्द पुत्र श्रीराम 20. विरेन्द्र पुत्र उमेद सिंह पुत्र श्रीराम 21. बिजेन्द्र पुत्र उमेद सिंह पुत्र श्रीराम 22. अनील पुत्र राज सिंह पुत्र रामसरूप 23. सुरेन्द्र पुत्र उमेद सिंह पुत्र श्रीराम 24. अनुराज पुत्र औमसिंह पुत्र श्रीराम 25. प्रवीन कुमार पुत्र औम सिंह पुत्र श्रीराम 26. रणबीर सिंह पुत्र श्रीराम पुत्र गंगली 27. रामेश्वर पुत्र श्रीराम पुत्र गंगली 28. रणधीर पुत्र हजारी लाल पुत्र गंगली 29. अमित कुमार पुत्र राजपाल पुत्र हजारी 30. सचिन पुत्र श्रीभगवान पुत्र सुमेर सिंह 31. अमित पुत्र श्रीभगवान पुत्र सुमेर सिंह 32. श्रीभगवान पुत्र सुमेर सिंह पुत्र शिवलाल 33. सन्जू पुत्र जगधीरे पुत्र रिसाल 34. जसबीर पुत्र सुमेर सिंह पुत्र शिवलाल 35. श्रीमती सुखन पुत्री हरज्ञान पुत्र सोहलू 36. लक्ष्मण पुत्र सावित्री पुत्र हरज्ञान 37. रोशनी देवी विधवा रामकवार पुत्र प्रभु 38. रिनी पुत्री रामकवार पुत्र प्रभु 39. धर्मबीर पुत्र रोशनी पुत्र प्रभु 40. चन्द्रकला पुत्री रोशनी पुत्र प्रभु 41. सुरेश पुत्री रोशनी पुत्र प्रभु 42. रिषीपाल पुत्र सुबे पुत्र गोर्धन 43. सन्तोष पुत्री सुबे पुत्र गोर्धन 44. राजीव पुत्र जगधीरे पुत्र रिसाल 45. बिजेन्द्र पुत्र कृष्णा पुत्र सुबे 46. सन्य पुत्र कृष्णा पुत्र सुबे 47. शर्मिला पुत्री कृष्णा पुत्र सुबे 48. रोहतास पुत्र रघबीर पुत्र गोर्धन 49. राजबीर पुत्र रघबीर पुत्र गोर्धन 50. राजबाला पुत्री रघबीर पुत्र गोर्धन 51. गुरेश देवी पुत्री रघबीर पुत्र गोर्धन 52. कमलेश पुत्री रघबीर पुत्र गोर्धन 53. चान्दकौर विधवा कर्ण सिंह 54. सुरेन्द्र पुत्र कर्ण सिंह 55. श्रीकृष्ण पुत्र अमीर सिंह पुत्र दरबू 56. पूनम पुत्री कर्ण सिंह 57. अनिल पुत्र आजाद सिंह पुत्र हुक्मचन्द 58. धर्मबीर पुत्र आजाद सिंह पुत्र हुकमचन्द 59. आशीष पुत्र आजाद सिंह पुत्र हुक्मचन्द 60. सतबीर पुत्र आजाद सिंह पुत्र हुकमचन्द 61. सुनील पुत्र आजाद सिंह पुत्र हुकमचन्द 62. गुलाब पुत्र आजाद सिंह पुत्र हुकमचन्द 63. अजीत पुत्र आजाद सिंह पुत्र हुकमचन्द 64. दिलबाग पुत्र हुक्मचन्द पुत्र भरतु 65. सुरजभान पुत्र हुक्मचन्द पुत्र भरतु 66. जगदीश पुत्र अमीर सिंह पुत्र दरबु 67. बिमला पुत्री हुक्मचन्द पुत्र भरतु 68. राजेश पुत्र रिसालो पुत्र हुकमचन्द 69. सुदेश पुत्री रिसालो पुत्र हुकमचन्द 70. श्रीमती छन्नो देवी विधवा कलीराम पुत्र भरतु 71. नत्थु पुत्र फूल सिंह पुत्र सीताराम 72. देवेन्द्र पुत्र करतार सिंह पुत्र फूल सिंह 73. सरेन्द्र सिंह पुत्र करतार सिंह पुत्र फूल सिंह 74. गीता पुत्री जिले सिंह 75. ईश्वर पुत्र अमीर सिंह पुत्र दरबू 76. सुखविन्द्र पुत्र जिले सिंह 77. नफे सिंह पुत्र फूल सिंह पुत्र सीताराम 78. प्रेम पुत्र फूल सिंह पुत्र सीताराम 79. श्रीमती मुक्ता देवी पत्नी देवेन्द्र पुत्र सहदेव 80. मुक्ता देवी पुत्री प्रीतम पुत्र भगवाना 81. सविता पुत्री जय सिंह पुत्र हुकमचन्द 82. रंतोष विधवा कृष्ण पुत्र जय सिंह 83. निधि पुत्री कृष्ण पुत्र जय सिंह 84. हर्षित पुत्र कृष्ण पुत्र जय सिंह 85. जय भगवान पुत्र सुमेर सिंह पुत्र शिव लाल 86. रमेश पुत्र अमीर सिंह पुत्र दरबू 87. श्रीभगवान पुत्र सुमेर सिंह पुत्र शिव लाल 88. जसबीर पुत्र सुमेर सिंह पुत्र शिव लाल 92. सोमबीर पुत्र प्रताप सिंह पुत्र हजारी लाल 93. जोगेन्द्र पुत्र अतर सिंह पुत्र रामसरूप 94. विनोद पुत्र अत्तर सिंह पुत्र रामसरूप 95. अरूण कुमार पुत्र देवेन्द्र पुत्र अतर सिंह 96. सुनील पुत्र बलजीत पुत्र दरियाव सिंह 97. श्रीमती रतनी पुत्री अमीर सिंह पुत्र दरबू 98. राहुल पुत्र बलजीत पुत्र दरियाव सिंह 99. राजेश पुत्र धर्मपाल पुत्र दरियाव सिंह 100. ललीत पुत्र जय नारायण पुत्र दरियाव सिंह 101. अक्षय पुत्र जयनारायण पुत्र दरियाव सिंह 102. सविता 103. सरीता पुत्रियान अनीता पुत्री जिले सिंह 104. नसीब पुत्र अनीता पुत्री जिले सिंह 105. अर्जुन पुत्र अनीता पुत्री जिले सिंह 106. कमलेश विधवा धर्मबीर पुत्र हुक्मचन्द 107. कविता रानी पुत्री धर्मबीर पुत्र हुक्मचन्द सभी निवासी गांव बराही, तह० बहादुरगढ, जिला झज्जर ....उत्तरवादीगण

**दरखास्त बराए तकसीम बाबत खेवट नम्बर 6//6, खतौनी नम्बर 19, मौजा गांव बराही, तह० बहादुरगढ, जिला झज्जर**

उपरोक्त शीर्षक के मुकदमें में उक्त प्रत्यार्थीगण समन की तामील करने से जानबूझकर बचते रहे हैं इसलिए उक्त प्रत्यार्थीगण के नाम यह विज्ञापन जारी किया जाता है कि यदि उक्त प्रत्यार्थीगण तारीख पेशी 28.05.25 को प्रातः 9 बजे इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो इस सबंध में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**हस्ता/-सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बहादुरगढ़**

**अदालती सूचना**

**न्यायालय सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बहादुरगढ, जिला झज्जर**

केस नम्बर 540/T तारीख पेशी 28-5-25

1. सुषमा विधवा जगदेव 2. नितिका पुत्री जगदेव निवासी गांव बराही, तह० बहादुरगढ, जिला झज्जर हाल निवासी एम.-1805 लोजिक्स ब्लोसम कांउटी, सैक्टर-137, नोएडा, उत्तर प्रदेश 3. सुनीता छिल्लर विधवा बलवान 4. योगिता पुत्री बलवान 5. सिद्धार्थ पुत्र बलवान निवासी गांव बराही, तह० बहादुरगढ, जिला झज्जर हाल निवासी बी.204, रणजीत विहार-1, सैक्टर-22, द्वारका, दिल्ली ...प्रार्थीगण

बनाम

1. विरेन्द्र सिंह पुत्र नफे सिंह पुत्र फूल सिंह 2. परविन्द्र पुत्र नफे सिंह पुत्र फूल सिंह 3. ईश्वर पुत्र अमीर सिंह पुत्र दरबू 4. कविता रानी पुत्री धर्मबीर पुत्र हुकमचन्द 5. सुमन पुत्री धर्मबीर पुत्र हुकमचन्द 6. ज्योति रानी पुत्री धर्मबीर पुत्र हुकमचन्द 7. श्रीमती मीना देवी विधवा ऋषिपाल पुत्र सुबे सिंह 8. मनोज कुमार पुत्र ऋषिपाल पुत्र सुबे सिंह 9. मोहित कुमार पुत्र ऋषिपाल पुत्र सुबे सिंह 10. श्रीमति कस्तूरी देवी विधवा अमर सिंह पुत्र दरबू 11. दीपक कुमार पुत्र अमीर सिंह पुत्र दरबू 12. अमित पुत्र अमीर सिंह पुत्र दरबू 13. मनीष पुत्र जगबीर सिंह पुत्र दरियाव सिंह 14. रमेश पुत्र अमीर सिंह पुत्र दरबू 15. आशीष पुत्र जगबीर सिंह पुत्र दरियाव सिंह 16. रजनीश पुत्र कदम सिंह पुत्र दरियाव सिंह 17. सागर पुत्र कदम सिंह पुत्र दरियाव सिंह 18. आशीष पुत्र जगबीर सिंह पुत्र दरियाव सिंह 19. मनीष पुत्र जगबीर सिंह पुत्र दरियाव सिंह 20. श्रीमती रतनी पुत्री अमीर सिंह पुत्र दरबू 21. पंकज पुत्र सुरेश पुत्र मुखत्यारे 22. कपिल पुत्र विजय सिंह पुत्र मुखत्यारे 23. सुरेन्द्र कुमार पुत्र ओमप्रकाश पुत्र मांगेराम 24. विरेन्द्र कुमार पुत्र औमप्रकाश पुत्र मांगेराम 25. हवा सिंह पुत्र दौलत पुत्र लोकराम 26. सुरजभान पुत्र दयानन्द पुत्र श्रीराम 27. सुनील पुत्र दयानन्द पुत्र श्रीराम 28. प्रेम पुत्र फूल सिंह पुत्र सीताराम 29. अनिता पुत्री दयानन्द पुत्र श्रीराम 30. विरेन्द्र पुत्र उमेद सिंह पुत्र श्रीराम 31. बिजेन्द्र पुत्र उमेद सिंह पुत्र श्रीराम 32. सुरेन्द्र पुत्र उमेद सिंह पुत्र श्रीराम 33. अनुराज पुत्र औम सिंह पुत्र श्रीराम 34. प्रवीन कुमार पुत्र औम सिंह पुत्र श्रीराम 35. रणबीर सिंह पुत्र श्रीराम पुत्र गंगली 36. रामेश्वर पुत्र श्रीराम पुत्र गंगली 37. रणधीर पुत्र हजारीलाल पुत्र गंगली 38. अमित कुमार पुत्र राजपाल पुत्र हजारी 39. रोहतास पुत्र रामसरूप पुत्र रामू 40. सचिन पुत्र श्रीभगवान पुत्र सुमेर सिंह 41. अमित पुत्र श्रीभगवान पुत्र सुमेर 42. श्रीभगवान पुत्र सुमेर पुत्र शिवलाल 43. जसबीर पुत्र सुमेर सिंह पुत्र शिवलाल 44. श्रीमती सुखन पुत्री हरज्ञान पुत्र सोहलू 45. लक्ष्मण पुत्र सावित्री पुत्र हरज्ञान 46. रोशनी देवी विधवा रामकवार पुत्र प्रभु 47. रीनी पुत्री रामकवार पुत्र प्रभु 48. धर्मबीर पुत्र रोशनी पुत्र प्रभु 49. चन्द्रकलां पुत्री रोशनी पुत्र प्रभु 50. भागीरथ पुत्र राजसिंह पुत्र रामसरूप 51. सुरेश पुत्री रोशनी पुत्र प्रभु 52. सन्तोष पुत्री सुबे पुत्र गोर्धन 53. बिजेन्द्र पुत्र कृष्णा पुत्र सुबे 54. सन्जय पुत्र कृष्णा पुत्र सुबे 55. शर्मिला पुत्री कृष्णा पुत्र सुबे 56. रोहतास पुत्र रघबीर पुत्र गोर्धन 57. राजबीर पुत्र रघबीर पुत्र गोर्धन 58. राजाबला पुत्री रघबीर पुत्र गोर्धन 59. सुरेश देवी पुत्री रघबीर पुत्र गोर्धन 60. कमलेश पुत्री रघबीर पुत्र गोर्धन 61. अनील पुत्र राज सिंह पुत्र रामसरूप 62. चांदकौर विधवा कर्ण सिंह 63. सुरेन्द्र पुत्र कर्ण सिंह 64. पूनम पुत्री कर्ण सिंह 65. अनिल पुत्र आजाद सिंह पुत्र हुकमचन्द 66. धर्मसिंह पुत्र आजाद सिंह पुत्र हुकमचन्द 67. आशीष पुत्र आजाद सिंह पुत्र हुकमचन्द 68. सतबीर पुत्र आजाद सिंह पुत्र हुकमचन्द 69. सुनील पुत्र आजाद सिंह पुत्र हुकमचन्द 70. गुलाब पुत्र आजाद सिंह पुत्र हुकमचन्द 71. अजीत पुत्र आजाद सिंह पुत्र हुक्मचन्द 72. सन्जु पुत्र जगधीरे पुत्र रिसाल 73. दिलबाग पुत्र हुकमचन्द पुत्र भरतु 74. सुरजभान पुत्र हुकमचन्द पुत्र भरतु 75. बिमला पुत्री हुकमचन्द पुत्र भरतु 76. राजेश पुत्र रिसालो पुत्र हुकमचन्द 77. सुदेश पुत्री रिसालो पुत्र हुकमचन्द 78. श्रीमती छन्नो देवी विधवा कलीराम पुत्र भरतु 79. नत्थु पुत्र फूल सिंह पुत्र सीताराम 80. देवेन्द्र पुत्र करतार सिंह पुत्र फूल सिंह 81. राजीव पुत्र जगधीरे पुत्र रिसाल 82. सुरेन्द्र सिंह पुत्र करतार सिंह पुत्र फूल सिंह 83. गीता पुत्री जिले सिंह 84. सुखविन्द्र पुत्र जिले सिंह 85. श्रीमती मुक्ता देवी पत्नी दवेन्द्र पुत्र सहदेव 86. मुक्ता देवी पुत्री प्रीतम पुत्र भगवाना 87. सविता पुत्री जय सिंह पुत्र हुकमचन्द 88. संतोष विधवा कृष्ण पुत्र जय सिंह 89. निधि पुत्री कृष्ण पुत्र जय सिंह 90. हर्शित पुत्र कृष्ण पुत्र जय सिंह 91. चन्द्रमुखी विधवा सुमेर सिंह पुत्र शिवलाल 92. श्रीकृष्ण पुत्र अमिर सिंह पुत्र दरबू 93. जयभगवान पुत्र सुमेर सिंह पुत्र शिवलाल 94. श्रीभावान पुत्र सुमेर सिंह पुत्र शिवलाल 95. जसबीर पुत्र सुमेर सिंह पुत्र शिवालाल 96. सरला देवी पुत्री सुमेर सिंह पुत्र शिवलाल 97. सरोज विधवा प्रताप सिंह पुत्र हजारी लाल 98. सीमा पुत्री प्रताप सिंह पुत्र हजारी लाल 99. सोमबीर पुत्र प्रताप सिंह पुत्र हजारी लाल 100. जोगिन्द्र पुत्र अत्तर सिंह पुत्र रामसरूप 101. विनोद पुत्र अत्तर सिंह पुत्र रामसरूप 102. अरूण कुमार पुत्र देवेन्द्र पुत्र अत्तर सिंह 103. जगदीश पुत्र अमीर सिंह पुत्र दरबू 104. सुनील पुत्र बलजीत पुत्र दरियाव सिंह 105. राहुल पुत्र बलजीत पुत्र दरियाव सिंह 106. राजेश पुत्र धर्मपाल पुत्र दरियाव सिंह 107. ललित पुत्र जयनारायण पुत्र दरियाव सिंह 108. अक्षय पुत्र जयनारायण पुत्र दरियाव सिंह 109. सविता पुत्री अनिता पुत्री जिले सिंह 110. सरिता पुत्री अनिता पुत्री जिले सिंह 111. नसीब पुत्र अनिता पुत्री जिले सिंह 112. अर्जुन पुत्र अनिता पुत्री जिले सिंह 113. श्रीमती कमलेश विधवा धर्मबीर पुत्र हुक्मचन्द सभी निवासी गांव बराही, तह० बहादुरगढ, जिला झज्जर ....उत्तरवादीगण

**दरखास्त बराए तकसीम बाबत खेवट नम्बर 7//6, खतौनी नम्बर 22, मौजा गांव बराही, तह० बहादुरगढ, जिला झज्जर**

उपरोक्त शीर्षक के मुकदमें में उक्त प्रत्यार्थीगण समन की तामील करने से जानबूझकर बचते रहे हैं। इसलिए उक्त प्रत्यार्थीगण के नाम यह विज्ञापन जारी किया जाता है कि यदि उक्त प्रत्यार्थीगण तारीख पेशी 28.05.25 को प्रातः 9 बजे इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो इस संबंध में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**हस्ता/-सहायक कलैक्टर, प्रथम श्रेणी, बहादुरगढ़**

## खबर संक्षेप



### ई-रिक्शा मिस्त्री ने फांसी लगाकर दी जान

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव याकूबपुर से फारुखनगर मार्ग के बीच एक ई-रिक्शा मिस्त्री का शव पेड़ पर बनाए गए फंदे पर लटका मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान करीब यूपी फरुखाबाद के बिलावलपुर गांव निवासी 26 वर्षीय रजीत पुत्र अमरपाल के तौर पर की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रजीत गुरुग्राम में ई-रिक्शा के मिस्त्री का कार्य करता था और करीब तीन माह पूर्व ही उसने नौकरी छोड़ दी थी। मामले के जांच अधिकारी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

### आईटीआई एट गुढ़ा में रोजगार मेला 23 को

**झज्जर।** आईटीआई एट गुढ़ा में आगामी 23 अप्रैल को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। संस्थान के प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि रोजगार मेले में नामी कंपनियां हिस्सा लेंगी। उन्होंने कहा कि जो आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थी अप्रेंटिस करना चाहते है, वे विद्यार्थी इस रोजगार मेले में भाग ले सकते है।

### निजी स्कूलों का सत्यापन कार्य जारी

**बहादुरगढ़।** शिक्षा विभाग द्वारा निजी स्कूलों का भौतिक निरीक्षण निरंतर जारी है। निजी स्कूलों से विभिन्न बिन्दुओं पर रिपोर्ट ली जा रही है। बीईओ मुन्नी सहारण ने बताया कि बहादुरगढ़ में गैर मान्यता प्राप्त 38 निजी स्कूलों की पहचान की गई है। निदेशालय ने निजी स्कूलों को एडवाइजरी जारी कर अहम निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत अभिभावकों पर निजी पब्लिशर्स की किताबें खरीदने का दबाव न बनाएं। कक्षा अनुसार स्कूल बैग के वजन के नियम को भी फॉलो करें।

### सट्टा खाइवाली करते दो युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** थाना शहर पुलिस टीम ने सरेआम सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करते हुए दो आरोपियों को काबू किया है। एसएचओ हरेश कुमार ने बताया कि सिटी मेट्रो स्टेशन के नीचे से रविंद्र निवासी जाखोदा और सोनू निवासी दिल्ली को सट्टा खिलवाते काबू किया गया। मौके पर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 2700 रुपये व सट्टा पर्ची बरामद हुई। उनके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। दोनों से पूछताछ चल रही है।

### हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने जताई नाराजगी

# एमआईएस पोर्टल पर टीचर डायरी लिखने के आदेश के विरोध में शिक्षक, ज्ञापन सौंपा

- बोले, आदेश अव्यवहारिक व इससे समय बर्बाद होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन ने निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा सरकार को पत्र लिख कर एमआईएस पोर्टल पर शिक्षक डायरी लिखने के आदेश का विरोध दर्ज कराया है। इस संबंध में एसोसिएशन सदस्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से निदेशक माध्यमिक शिक्षा पंचकूला को ज्ञापन भी भेजा। हसला के राज्य प्रधान सतपाल सिंधु ने बताया कि एमआईएस पोर्टल पर शिक्षक डायरी लिखने के आदेश अव्यवहारिक एवं अध्यापक के समय को बर्बाद करने के अलावा कुछ नहीं है। इन आदेशों को लागू करने से पहले जमीनी स्तर पर अलग-अलग संभावनाओं को देखना एवं अध्यापक संगठनों से इस बारे में विचार विमर्श करना चाहिए था। इसलिए हम शिक्षक डायरी के डिजिटलीकरण के खिलाफ अपना विरोध व्यक्त करते हैं और ऑफलाइन शिक्षक डायरी को बनाए रखने की मौजूदा परंपरा को जारी रखने का सुझाव देते हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि शिक्षक डायरी को एमआईएस पोर्टल पर अपडेट करने के निर्णय की समीक्षा करें। यदि इन आदेशों को लागू किया जाएगा तो हसला संगठन उसका विरोध करेगा। हसला के जिला प्रधान कुलदीप नेहरा ने बताया कि निदेशालय की एकेडमिक सेल ने पहले भी इस तरह के डिजिटलकरण से संबंधित कई आदेश निकाले हैं जिनके परिणाम शून्य रहें है। इस प्रकार के आदेशों से केवल शिक्षक और विद्यार्थियों के समय बर्बाद हुआ है। इसलिए टीचर डायरी को ऑनलाइन मोड में लिखना किसी भी सूरत में ठीक नहीं है, विभाग को अपनी इन आदेशों पर पुनर्विचार करना चाहिए ताकि विद्यार्थियों के शैक्षणिक ढांचे पर इसका कोई विपरीत प्रभाव न पड़े। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान सतपाल शर्मा ने कहा कि शिक्षा विभाग पहले से ही शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में सारा साल व्यस्त रखता है, इसी कड़ी में ऑनलाइन डायरी लिखने में शिक्षक को काफी समय व्यर्थ करना पड़ेगा।



**झज्जर।** जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना को ज्ञापन सौंपते हुए अध्यापक। फोटो : हरिभूमि


**झज्जर।** अनाज मंडी परिसर में लगी गेहूं की ढेरियां।

- आढ़ती निरंतर कर रहे उठान कार्य में तेजी लाने की मांग

## धीमी गति से हो रहा उठान कार्य किसानों और आढ़तियों के लिए बना परेशानी का कारण

**झज्जर।** अनाज मंडी परिसर में गेहूं फसल की आवक जोरों पर है। लेकिन उठान कार्य गति नहीं पकड़ पा रहा है। जिसके कारण आढ़ती व किसान परेशान है। आढ़ती खरीद एंजेसियों से लेकर उपायुक्त और यहां तक कि कृषि मंत्री के झज्जर दौरे के दौरान भी अपनी समस्या से अवगत करा चुके है। लेकिन फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण आढ़ती परेशान है। वहीं डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि अब तक जिले में कुल 31 हजार 61 मीट्रिक टन सरसों की आवक और 29 हजार 838 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। इसमें से 23 हजार 355 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। सरसों की खरीद करते हुए 12 हजार 531 किसानों को लाभावित किया जा चुका है। इसके अलावा गेहूं की जिले में 1 लाख 36 हजार 628 मीट्रिक टन आवक तथा 78 हजार 288 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है,जबकि 33 हजार 154 मीट्रिक टन का उठान हो चुका है। गेहूं की खरीद करते हुए 14 हजार 992 किसानों को लाभांवित किया गया है।

### गेहूं और सरसों की खरीद जारी

**बहादुरगढ़।** स्थानीय अनाज मंडी में गेहूं और सरसों की खरीद जारी है। वीरवार को बहादुरगढ़ मंडी में सरसों के 4 और गेहूं के 9 गेट पास कटे। आज 69.8 क्विंटल सरसों की सरकारी खरीद हुई। अब तक यहां 8379 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी है। जबकि 92 प्रतिशत उठान हुआ है। वहीं बहादुरगढ़ की अनाज मंडी में 856 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद हुई। अब तक यहां 5982 क्विंटल खरीद हो चुकी है और 86 प्रतिशत उठान हुआ है।


**बहादुरगढ़।** एक्सईएन को मांग पत्र सौंपते पार्षद संदीप दहिया। फोटो : हरिभूमि

### नई पेयजल पाइपलाइन डालने की मांग

**बहादुरगढ़।** वार्ड नंबर-18 के पार्षद संदीप दहिया ने विवेकानंद नगर की गलियों में नई पेयजल पाइपलाइन डालने की मांग की है। उन्होंने बताया कि विवेकानंद नगर की गली नंबर-19 से 24 में पाइपलाइन ही नहीं है। इन गलियों में नई पेयजल बिछाने के लिए उन्होंने जलापूर्ति एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता को मांग पत्र सौंपा है।


**बहादुरगढ़।** पदक जीतने वाले पहलवानों के साथ सोनू पहलवान व धर्मेंद्र दलाल।

### सोनू अखाड़े के पहलवानों ने जीते 15 पदक

**बहादुरगढ़।** हिंद केसरी सोनू पहलवान अखाड़े के पहलवानों ने हरियाणा और दिल्ली जूनियर रेसलिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 पदक जीते। अर्जुन अवार्डी कोच धर्मेंद्र दलाल ने बताया कि अखाड़े के पहलवानों ने जूनियर चैंपियनशिप में 5 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक और 6 कांस्य पदक जीते हैं।

## बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में टीम ने गांवों में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

अक्षय तृतीया पर होने वाले संभावित बाल विवाहों के विरुद्ध महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला सरंक्षण बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, एमडीडी ऑफ इंडिया, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वंय सहायता समूह ने जहाजगढ़ व वजीरपुर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रों में मीटिंग करके बाल विवाह जैसी कुरीति के विषय में लोगों को जागरुक किया गया। वजीरपुर गांव में कैंडल मार्च द्वारा भी अक्षय तृतीया के दिन व अन्य दिनों में लोगों को बाल विवाह के प्रति चौकसी बरतने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान धर्मेंद्र, स्वंय सहायता समूह की प्रधान दर्शना, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर पूजा यादव, मंजू, मनोज, आशा वर्कर रेखा, मोनिका, बिमला, कविता, सविता, कमला, इमरती सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


**झज्जर।** कार्यक्रम में उपस्थित आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी।

### बिजली उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर।** शुक्रवार को बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता ऑप्रेशन डिवीजन झज्जर की अध्यक्षता में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुना जाएगा। इस दौरान बिजली बिल, कनेक्शन और अन्य तकनीकी समस्याओं से जुड़े परिवादों की समीक्षा की जाएगी। यदि कोई उपभोक्ता कार्यकारी अभियंता या एसडीओ की कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है, तो वह चेयरमैन और अधीक्षण अभियंता के समक्ष अपनी बात रख सकता है।

## विद्यार्थियों को दी अग्निसुरक्षा के उपायों और प्राथमिक उपचार की जानकारी


**झज्जर।** विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा के उपायों की जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर अशोक कुमार। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** फायर सप्ताह के अंतर्गत सीआईएसएफ फायर बिग्रेड अग्निशमन द्वारा शहीद रामकिशन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खानपुर खुर्द में अग्नि सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीआईएसएफ फायर ब्रिगेड की ओर से इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षा के उपाय तथा प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। इस दौरान चित्र कला प्रतियोगिता हुई जिसके विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य विकास कुमार ने टीम सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया।

### दुकानदार से मोबाइल छीनने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा एक दुकानदार से मारपीट कर मोबाइल छीनने मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना प्रभारी बलदेव ने बताया कि हिमांशु निवासी किला कॉलोनी झज्जर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सौरव निवासी तलाव, जयवीर और अमन निवासी झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपियों से वारदात में प्रयोग ऑटो और छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों पर पहले भी चोरी के कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से तीनों आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## संस्कारम् यूनिवर्सिटी में 19 की शाम बब्बू मान के नाम

### प्रसिद्ध पंजाबी गायक विवि में देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

संस्कारम् यूनिवर्सिटी पाटौदा में शनिवार को स्टार नाइट कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध पंजाबी गायक बब्बू मान अपनी प्रस्तुति देंगे। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल विश्वविद्यालय प्रांगण में सायं करीब साढ़े पांच से शुरू होने वाला यह कार्यक्रम अविस्मरणीय रहेगा।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह और ऊर्जा का माहौल है। विद्यार्थियों में विशेष उत्साह है, क्योंकि उन्हें न केवल अपने प्रिय कलाकार को प्रत्यक्ष रूप से देखने-सुनने का मिलेगा, बल्कि यह उनके लिए सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का भी एक मंच होगा।

शिक्षा के साथ-साथ कला और संस्कृति के इस समन्वय ने संस्कारम विश्वविद्यालय को एक विशिष्ट पहचान दी है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल पाठ्यक्रम आधारित ज्ञान देना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर छिपी रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को भी जाग्रत करना है। स्टार नाइट जैसे आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत होते हैं और उनमें ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं समरसता का संचार करते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## एक करोड़ में बनेगी नागरिक अस्पताल की चारदीवारी



**बहादुरगढ़।** नागरिक अस्पताल का पुराना भवन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के नागरिक अस्पताल परिसर की चारदीवारी वर्षों पूर्व से अनेक जगह टूटी हुई है। जिससे बाहरी और अनाधिकृत व्यक्तियों का हर समय अस्पताल परिसर में आना जाना लगा रहता है। जिस कारण अस्पताल परिसर में हमेशा चोरी का खतरा बना रहता है। अब करीब एक करोड़ रुपए में यह चारदीवारी नए सिरे से बनाई जाएगी। बता दें कि कई बार उच्चाधिकारियों से नागरिक अस्पताल की टूटी हुई चारदीवारी को दुरुस्त करवाने की मांग की गई थी। वर्षों बीत जाने के बावजूद भी अस्पताल की टूटी हुई चारदीवारी का जीर्णोद्धार नहीं हो पाया है। जिसके कारण हमेशा अस्पताल में चोरी का खतरा बना रहता है। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि अस्पताल की टूटी हुई चहारदीवारी से कभी भी चोरी जैसी बड़ी घटना हो सकती है। यहां कई बार चोरी हो चुकी है, जिससे अवांछनीय तत्व एवं चोरों के हौसले बुलंद हैं। अब लोक निर्माण विभाग द्वारा बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल की चारदीवारी की जाएगी। इसके लिए 11 अप्रैल से 21 अप्रैल तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। जबकि 22 अप्रैल को निविदाएं खोली जाएंगी। पीडब्ल्यूडी बीएंडआर द्वारा इसके लिए एक करोड़ 4 लाख 28 हजार रुपए का टेंडर लगाया गया है। औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वर्क अलॉट करके काम शुरू करवा दिया जाएगा। यह काम पूरा करने के लिए 9 महीने की समयावधि तय की गई है। उम्मीद है कि चारदीवारी होने के बाद यहां होने वाली वारदातों में कमी आएगी।

## एसडीएम ने सुनीं समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं

**बेरी।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों पर चर्चा की गई। शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में नागरिक परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक पहुंचे। उन्होंने समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों को समयबद्ध और प्रभावी समाधान प्रदान करना है।


**बेरी।** समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

## सिचुएशन रिस्पॉन्स टेस्ट के साथ कार्यशाला संपन्न

**बहादुरगढ़।** छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में आयोजित रोजगार कौशल कार्यशाला का वीरवार को समापन हो गया। उद्यमिता विकास क्लब द्वारा आयोजित वर्कशॉप के दूसरे दिन साक्षात्कार कौशल, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, नवाचार और एआई के साथ एमएस ऑफिस के उत्पादक अनुप्रयोग पर मुख्य ध्यान दिया गया। कार्यशाला के दौरान प्रवीण दलाल द्वारा कई बुनियादी एमएस ऑफिस उपकरण और इसके अनुप्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। चैटजीपीटी, पेरप्लेक्सिटी, गामा, जूलियस आदि उभरते एआई ऐप भी प्रदर्शित किए गए। इसके अलावा छात्रों की सामान्य बुद्धिमत्ता का परीक्षण करने के लिए रेवन के मानक प्रगतिशील मैट्रिक्स का उपयोग किया गया। सिचुएशन रिस्पॉन्स टेस्ट भी आयोजित किया गया। छात्रों को मॉक इंटरव्यू के माध्यम से वास्तविक अनुभव दिया गया। कार्यवाहक प्रिंसिपल अनीता दलाल ने बताया कि तेजी से प्रतिस्पर्धी होते जा रहे जॉब मार्केट में रोजगार योग्यता कौशल का बहुत महत्व है। डिजिटल युग के तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य में रोजगार कौशल सफलता का आधारशिला बन गया है। उनके अनुसार रोजगार कौशल युवाओं को नौकरी खोजने के साथ ही जीवन में आगे बढ़ने, समाज में सकारात्मक योगदान देने व व्यापक अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सक्षम बनाता है। कार्यशाला के समापन सत्र में डॉ. जयंत ने सक्रिय भागीदारी के लिए सभी का धन्यवाद दिया।


**बहादुरगढ़।** कार्यशाला के समापन पर मौजूद छात्र-छात्राएं। फोटो : हरिभूमि